# टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इनोवेशन पर हुई बात

## आईआईटी में इमर्जिंग ट्रेंड्स पर सम्मेलन आयोजित

**इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर**

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में शुक्रवार से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हुई। इसका विषय 'इमर्जिंग ट्रेंड्स' था। इसमें साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में दुनिया में हो रहे काम पर विशेषज्ञों ने बात की। कॉन्फ्रेंस 15 जुलाई तक चलेगी। इसमें ऐसे विषयों पर भी बात हो रही है, जिसकी मदद से गंभीर बीमारियों को दूर किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के डायरेक्टर प्रदीप माथुर ने की। उन्होंने कहा कि संस्थान का नाम विश्व स्तर पर पहुंच गया है। विश्व स्तर की यूनिवर्सिटी रैंकिंग में संस्थान लगातार बढ़त हासिल कर रहा है। विश्व के 351 से 400 के बीच के संस्थानों में आईआईटी का नाम शामिल है। यह रैंकिंग बताती है कि देश में आईआईटी इंदौर की रैंकिंग दूसरी है। नॉलेज, इंटरनेशनल फोकस और रिसर्च के मामले में संस्थान अच्छा काम कर रहा है। 10 साल में दुनिया के 400 बेस्ट संस्थानों में शामिल होना गर्व की बात है। वैज्ञानिक सम्मेलन के पहले दिन जर्मनी यूनिवर्सिटी के प्रो. गोटिंगेन, स्पेन यूनिवर्सिटी के एलिकांटे सहित कई विशेषज्ञों ने साइंस की नई रिसर्च के बारे में बताया। कॉन्फ्रेंस में 71 शोधकर्ता और 20 वैज्ञानिक भी मौजूद थे।

**Nai Dunia (Indore), 13th July 2019, Nai Dunia Live, Page-14**

# 'टेक्नोथलॉन-2019' परीक्षा 14 को

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

स्कूली शिक्षा के दौरान ही यदि आप आईआईटी का अनुभव लेना चाहते हैं तो यह अवसर 'टेक्नोथलॉन-2019' के जरिए लिया जा सकेगा। आईआईटी गुवाहाटी द्वारा यह परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित होने जा रही है।

दो चरणों में होने वाली इस परीक्षा का पहला चरण देश के सभी शहरों में होगा। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। जूनियर वर्ग में 9वीं-10वीं और सीनियर वर्ग में 11वीं-12वीं के विद्यार्थी परीक्षा में भाग ले सकेंगे। दोनों ही वर्गों की विजेता टीम को नासा की गाइडेड ट्रिप और दूसरा स्थान पाने वाली टीम को इसरो की गाइडेड ट्रिप पर ले जाया जाएगा। देश की शीर्ष 50 टीमों को आईआईटी गुवाहाटी जाने का मौका मिलेगा। इस परीक्षा में गणित के अलावा कॉमर्स और बायोलॉजी के विद्यार्थी भी भाग ले सकते हैं।

परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी हो रहा है और ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा। परीक्षा की विस्तृत जानकारी technothlon.techniche.org से प्राप्त की जा सकती है।

Naidunia (live), 13.07.2019, Page-14